# अरुणाचल प्रदेश माध्यमिक बोर्ड परीक्षा-2023-24

**कक्षा - नवमी**

विषय - हिन्दी (कोर्स बी)

समय - 3 घंटे | पूर्णांक - 80

---

*समान्य निदेर्शः-*

*1) इस प्रश्नपत्र में कुल दो खण्ड हैं - खण्ड 'अ' और 'ब'*

*2) प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

## खण्ड - 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

**प्रश्न. 1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - 1x5=5

सच्चन और दुर्जन दोनों प्रकार के जीव संसार में हैं। दुर्जन दूसरों के राई के समान मामूली दोषों को पहाड़ के समान बड़ा बनाकर देखता है और अपने पहाड के समान बडे पापों को देखते हुए भी नहीं देखता है। सज्जन या महात्मा ठीक इससे विपरीत होते हैं। उनका ध्यान दूसरों की बजाय केवल अपने दोषों पर जाता है। अधिकांश व्यक्तियों में कोई-न-कोई बुराई अवश्य होती है। कोई भी बुराई न होने पर व्यक्ति देवता की कोटि में आ जाता है। मनुष्य को अपनी बुराइयों को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए, न कि दूसरों की कमियों को लेकर छींटाकशी या टीका-टिप्पणी करना चाहिए। अपने मन की परख मन को पवित्र करने का सबसे उत्तम साधन है। आत्मनिरीक्षण आत्मा की उन्नति का सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। महात्मा कबीर ने कई बार स्पष्ट रूप से कहा था कि मैंने जीवन में हिमालय जैसी बड़ी भूल की है। अपनी भूलों को ध्यान देना या उन्हें स्वीकार करना आत्मबल का चिहन है। जो लोग दूसरों के सामने अपनी भूल नहीं मानते और न ही अपने को दोषी स्वीकार करतते हैं, वे सबसे बड़े कायर हैं जिसका अंतःकरण शीशे के समान उजला है, उसे झट अपनी भूल महसूस हो जाती है। मन तो दर्पण है। मन में पाप है तो जग में पाप दिखाई देता है। पवित्र आचरण वाले मन को देखते हैं तो उन्हें लगता है कि अभी इसमें कोई कमी रह गई है। इसलिए वे अपने को बुरा कहते हैं। यही उनकी नम्रता व साधना है।

A.KUMAR S T.9366288484

(i) गद्यांश के अनुसार सज्जन के चरित्र की विशेषता है?

(क) वह दूसरों के दोष देखता है। (ख) वह अपने दोषों पर ध्यान देता है।

(ग) वह दूसरों को सुधारना चाहता है। (घ) वह केवल अपना भला चाहता है।

(ii) कोई भी बराई न होने पर मनुष्य किस श्रेणी में आ जाता है?

(क) महात्मा की (ख) राक्षस की (ग) देवता की (घ) दुर्जन की

(iii) आत्मा की उन्नति का सर्वश्रेष्ठ मार्ग क्या है?

(क) आत्मनिरीक्षण (ख) परछिद्रान्वेषण (ग) भजन-पूजन (घ) दान-दक्षिणा

(iv) गद्यांश के अनुसार सबसे बड़ा कायर कौन है?

(क) जो युद्ध से भाग जाता है। (ख) जो अपनी भूल स्वीकार करता है।

(ग) जो अपनी भूल स्वीकार नहीं करता है। (घ) जिसका मन कलुषित होता है।

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -

कथन (A) दुर्जन लोग अपने दोषों को सार्वजनिक कर देते हैं।

कारण (R) सज्जन लोगों का ध्यान दूसरों की बजाय अपने दोषों पर जाता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**प्रश्न. 2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए -

1x5=5

जीवन में वही मनुष्य सफल है, जो समय के साथ चलता है। कुछ लोग तो ऐसे दूरदर्शी होते हैं, जो आने वाले समय को पहले ही भाँप जाते हैं। ऐसे व्यक्ति अपनी योजना पहले ही बना लेते हैं तथा हर कसौटी पर सफल होते हैं। हमें अपना काम कभी भी समय के भरोसे नहीं छोड़ना चाहिए। जैसी भी परिस्थिति क्यों न हो हमें समय के साथ आगे बढ़ते हुए अपना काम पूरा करते रहना चाहिए। कल के भरोसे काम को छोड़ना समस्याओं को आमंत्रित करना है। समय बड़ा ही बलवान है। समय के अनुरुप चलने वाला गरीब से अमीर एवं समय को न भाँपने वाला अमीर से कंगाल भी बन जाता है। व्यापारी वर्ग हमेशा समय को ध्यान में रखकर अपना रोजगार शुरु करता है तथा धन लगाता है। यह कहा जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ क्षण ऐसे आते हैं जिनसे उसके भाग्य का बनना और बिगड़ना तय होता है। अगर व्यक्ति ने समय की सही गति या दशा को समझ लिया, तब तो वह सफल हो गया, अन्यथा उसके हाथ केवल असफलता ही लगेगी। खेलकूद खासकर दौड़ की प्रतियोगिता में समय ही निर्णायक होता है। अपने निर्दिष्ट लक्ष्य पर पहुँचने वाला धावक एक क्षण आगे पहुँच जाने पर ओलंपिक में मैडल पा जाता है। एक क्षण पहले अस्पताल में पहुँच जाने पर रोगी बच जाता है। कल्पना चावला का अंतरिक्ष यान कोलंबिया यदि कुछ मिनट और ठीक रहता तो शायद वह और उनके साथी अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित बच जाते। अतः हम कह सकते हैं कि मानव जीवन का सबसे बड़ा नियामक घटक समय ही है।

(i) जीवन में कौन-सा मनुष्य सफल रहता है?

(क) जो समय के साथ चलता है। (ख) जो अपनी योजना पहले ही बना लेता है।

(ग) जो दूरदर्शी होता है। (घ) उपर्युक्त तीनों बातें जिसमें होती हैं।

(ii) कल के भरोसे काम को छोड़ने का नतीजा क्या होता है?

(क) समस्याओं को आमंत्रित करना है। (ख) अपना काम सफल बनाना है।

(ग) परिस्थितियों के अनुकूल चलना है। (घ) असफल होना है।

(iii) व्यापारी वर्ग किस बात को ध्यान में रखकर रोजगार शुरु करता है?

(क) धन को ध्यान में रखकर। (ख) समय को ध्यान में रखकर।

(ग) ग्राहकों को ध्यान में रखकर। (घ) भाग्य को ध्यान में रखकर।

(iv) कौन-सा खिलाड़ी ओलंपिक में मैडल पा जाता है?

(क) अपने निर्दिष्ट लक्षय पर पहुँचने वाला। (ख) समय को ध्यान में रखने वाला।

(ग) तेज दौड़ने वाला। (घ) नियमों का पालन करने वाला।

(v) मानव-जीवन का सबसे बड़ा नियामक घटक है?

(क) समय (ख) सावधानी (ग) सुरक्षा (घ) निर्णय क्षमता

**प्रश्न. 3.** निर्देशानुसार 'शब्द' और 'पद' पर आधारित दो बहुविकप्लीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x2=2

(i) सोनाली पढ़ रही है में सोनाली है -

(क) वर्ण (ख) पद (ग) शब्द (घ) वाक्य

(ii) मोहन, गुलाब, नदी क्या है?

(क) वाक्य (ख) पद (ग) शब्द (घ) वर्ण

**प्रश्न. 4.** निर्देशानुसार 'अनुस्वार' और 'अनुनासिक' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x2=2

(i) 'गङगा' में उचित स्थान पर 'अनुस्वार' लगाकर मानक रूप लिखिए-

(क) गगां (ख) गन्गा (ग) गंगा (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से 'अनुनासिक' के उचित प्रयोग वाले शब्द छाँट कर लिखिए -

(क) पँथ (ख) दतँ (ग) सँत (घ) दाँत

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में 'अनुनासिक' का उचित प्रयोग हुआ है-

(क) गाव (ख) गावँ (ग) गांव (घ) गाँव

A.KUMAR S.T.S 9366288484

**प्रश्न. 5.** निर्देशानुसार 'उपसर्ग' और 'प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

(i) 'अधखुला' में उचित 'उपसर्ग' क्या है?

(क) अ (ख) अधि (ग) अध (घ) अध्

(ii) 'प्रतिदिन' में उचित 'उपसर्ग' क्या है?

(क) प्रति (ख) प्र (ग) प्रत (घ) प

(iii) 'साहसिक' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय है -

(क) साहस + इक (ख) साह + सिक (ग) साहस + क (घ) सा + हसिक

(iv) 'गानेवाला' में कौन-सा प्रत्यय है -

(क) वाला (ख) ला (ग) वला (घ) ल

(v) 'भूखा' में कौन-सा प्रत्यय है -

(क) खा (ख) आ (ग) अ (घ) ख

**प्रश्न. 6.** निर्देशानुसार 'संधि' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रशनों के उत्तर लिखिए - 1x3=3

(i) 'महेश' का सही संधि-विच्छेद है -

(क) महा + ईश (ख) मही + ईश (ग) महि + ईश (घ) महा + इश

(ii) 'गायक' का सही संधि-विच्छेद है -

(क) गा + अक (ख) गै + अक (ग) गे + अक (घ) गै + यक

(iii) 'प्रत्येक' का सही संधि विच्छेद है -

(क) प्रति + एक (ख) प्रतिः + एक (ग) प्रति + अक (घ) प्रती + एक

(iv) 'अत्याचार' का सही संधि विच्छेद है -

(क) अति + आचार (ख) अति + चार (ग) अत्य + आचार (घ) अत्या + चार

**प्रश्न. 7.** निर्देशानुसार 'विराम चिन्ह' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x3=3

(i) राहुल क्या तुम भयभीत हो- इस वाक्य में उचित विराम चिन्ह क्या होगा ?

(क) अल्पविराम ( , ) (ख) पूर्णविराम ( । ) (ग) प्रश्नवाचक ( ? ) (घ) अर्द्धविराम ( ; )

(ii) वाह कितना सुंदर फूल है- वाक्य में उचित विराम चिन्ह है-

(क) पूर्णविराम ( । ) (ख) अल्पविराम ( , ) (ग) योजक ( - ) (घ) विस्मयादिबोधक ( ! )

(iii) एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा - वाक्य में उचित विराम चिन्ह होगा -

(क) पूर्णविराम ( । ) (ख) प्रश्नवाचक ( ? ) (ग) अपूर्ण विराम ( : ) (घ) योजक ( - )

(iv) बच्चे बाग में खेल रहे हैं - वाक्य में उचित विराम चिन्ह है -

(क) पूर्णविराम ( । ) (ख) अल्पविराम ( , ) (ग) अपूर्ण विराम ( : ) (घ) प्रश्नवाचक ( ? )

**प्रश्न. 8.** निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1x2=2

(i) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं?

(क) चार (ख) पाँच (ग) सात (घ) आठ

(ii) 'सूर्य पूर्व दिशा में उगता है' - वाक्य में अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए -

(क) निषेधवाचक (ख) संकेतवाचक (ग) संदेहवाचक (घ) विधानवाचक

(iii) 'गीता नहीं नाचेगी'- वाक्य में अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए -

(क) विधानवाचक (ख) निषेधवाचक (ग) इच्छावाचक (घ) संकेतवाचक

**प्रश्न. 9.** निम्नलिखित पद्यांश (काव्यांश) को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए - 1x5=5

गाकर गीत विरह के तटिनी
वेगवती बहती जाती है,
दिल हल्का कर लेने को
उपलों से कुछ कहती जाती है।
तट पर एक गुलाब सोचता,
देते स्वर यदि मुझे विधाता,
अपने पतझड़ के सपनों का
मैं भी जग को गीत सुनाता।
गा-गाकर बह रही निर्झरी,
पाटल मूक खड़ा तट पर है।
गीत, अगीत कौन सुंदर है?

A.KUMAR S.T.S 9366288484

(i) विरह के गीत कौन गा रहा है?

(क) नदी (ख) तट (ग) गुलाब (घ) पतझड़

(ii) पद्यांश में 'पाटल' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) पेड़ (ख) नदी का किनारा (ग) गुलाब (घ) निर्झरी

(iii) नदी क्यों गाती है?

(क) सागर को सुनाने के लिए (ख) दिल को हल्का करने के लिए

(ग) गुलाब को सुनाने के लिए (घ) मन में छंद गुनगुनाने के लिए

(iv) गुलाब को क्या दुख है -

(क) पतझड़ की बात किसी से न कह पाने का (ख) काँटे होने का

(ग) गतिशील न हो सकने का (घ) स्वर न मिलने का

(v) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि का क्या नाम है?

(क) रामधारी सिंह दिनकर (ख) हरिवंशराय बच्चन

(ग) अरूण कमल (घ) रहीम

**प्रश्न. 10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए - 1x2=2

(i) यदि भगवान स्वामी है तो भक्त क्या है?

(क) दास (ख) मोती (ग) चकोर (घ) मोर

(ii) रहीम कवि ने किसके जल को धन्य कहा है?

(क) नदी (ख) तालाब (ग) सागर (घ) पंक

**प्रश्न. 11.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प को छाँटकर लिखिए - 1x5=5

रामन् प्रभाव की खोज ने रामन् को विश्व के चोटी के वैज्ञानिकों की पंक्ति में ला खड़ा किया। पुरस्कारों और सम्मानों की तो जैसे झड़ी-सी लगी रही। उन्हें सन् 1924 में रामल सोसायटी की सदस्यता से सम्मानित किया गया। सन् 1929 में उन्हें 'सर' की उपाधि प्रदान की गई। ठीक अगले ही साल सन् 1930 में उन्हें विश्व के सर्वोत्तम पुरस्कार भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सन् 1954 में रमन् को देश के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। चंद्रशेखर वेंकट रामन् नोबेल पुरस्कार पानेवाले प्रथम भारतीय वैज्ञानिक थे।

(i) रामन् को रॉयल सोसायटी की सदस्यता कब मिली?

(क) सन् 1924 (ख) सन् 1925 (ग) सन् 1935 (घ) सन् 1930

(ii) रामन् को 'सर' की उपाधि कब मिली?

(क) सन् 1928 (ख) सन् 1950 (ग) सन् 1929 (घ) सन् 1957

(iii) रामन् को विश्व के सर्वोच्च पुरस्कार भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से कब सम्मानित किया गया?

(क) सन् 1930 (ख) सन् 1935 (ग) सन् 1940 (घ) सन् 1956

(iv) इस गद्यांश के लेखक का नाम है?

(क) धीरंजन मालवे (ख) यशपाल (ग) शरदजोशी (घ) स्वामी आनंद

A.KUMAR S.T.S 9366288484

(v) नोबेल पुरस्कार पानेवाले प्रथम भारतीय वैज्ञानिक कौन थे?

(क) न्यूटन (ख) चंद्रशेखर वेंकट रामन् (ग) आईस्टीन (घ) जगदीश चन्द्र बसु

**प्रश्न. 12.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन करके लिखिए - 1x2=2

(i) 'तुम कब जाओगे अतिथि' - कहानी के लेखक का बटुआ अंदर ही अंदर क्यों काँपने लगा?

(क) लेखक के बटुए में फोन रखा था। (ख) लेखक के पैर काँपने के कारण।

(ग) लेखक का बजट गड़बड़ा गया था। (घ) इनमें से कोई नहीं।

(ii) अतिथि को देवता कहा जाता है। अतः देवता की क्या विशेषता होती है -

(क) देवता घर में ही ठहर जाता है। (ख) देवता दर्शन देकर चला जाता है।

(ग) देवता किसी के घर नहीं आता है। (घ) देवता अतिथिवत् रहता है।

## खण्ड 'ब'

**प्रश्न. 13.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (50-60) शब्दों में लिखिए - 3x2=6

(क) लेखक ने बुढ़िया के दुःख का अंदाजा कैसे लगाया? दुःख का अधिकार कहानी के आधार पर लिखिए।

(ख) लेखक अतिथि को कैसी विदाई देना चाहता था? 'तुम कब जाओगे अतिथि' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) हिमपात किस तरह होता है और उससे क्या-क्या परिवर्तन आते है?

**प्रश्न. 14.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर (50-60) शब्दों में लिखिए - 3x2=6

(क) "खुशबू रचते हैं हाथ" कविता में कवि ने हाथों के लिए कौन-कौन से विशेषणों का प्रयोग किया है? लिखिए

(ख) "वसंत का गया पतझड़ और बैसाख का गया भादों को लौटा" से क्या अभिप्राय है? लिखिए

(ग) 'अग्नि पथ' कविता का मूलभाव क्या है? लिखिए

**प्रश्न. 15.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (50-60) शब्दों में लिखिए - 3x2=6

(क) 'उनाकोटि' का अर्थ स्पष्ट करते हुए बतलाएँ कि यह स्थान इस नाम से क्यों प्रसिद्ध है?

(ख) लेखक का ऑपरेशन करने से सर्जन क्यों हिचक रहे थे? लिखिए

(ग) लेखिका महादेवी वर्मा का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था? गिल्लू पाठ के आधार पर लिखिए

**प्रश्न. 16.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - 1x6=6

(क) मिशन चंद्रयान - 3

◦ प्रस्तावना

◦ चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिग करने में चुनौतियाँ

◦ उपसंहार

(ख) इंटरनेट का उपयोग

◦ इंटरनेट क्या है

◦ इंटरनेट के लाभ

◦ उपयोग में साव धानियाँ

A.KUMAR S.T.S 9366288484

(ग) बढ़ता प्रदूषण, घटता जीवन

- प्रस्तावना
- मानव की अनंत आवश्यकता
- प्रदूषण के प्रकार
- प्रदूषण के दुष्परिणाम

**प्रश्न. 17.** आपका छोटा भाई कुसंगति में पड़कर धूम्रपान (नशा) करने लगा है। धूम्पपान की हानियाँ बताते हुए तुरंत धूम्रपान छोड़ने के लिए पत्र लिखिए। 1x6=6

***अथवा***

अपने पिताजी को पत्र लिखकर बताइए कि आपकी वार्षिक परीक्षा कैसी हुई?

**प्रश्न. 18.** मोबाइल फोन से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस बारे में दो सहेलियों के बीच हुए संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए। 1x5=5

***अथवा***

परीक्षा को लेकर दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न. 19.** नीचे दिए गए चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य / घटना का वर्णन लगभग 100 शब्दों में कीजिए। 1x5=5




A.KUMAR S.T.S 9366288484

oooooooooooooooooo